# डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

## सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD )        *नोंधणी नंबर :* ____________________

*पाठ्यक्रम : हिन्दी काव्य-१ (आदि काव्य, भक्तिकाव्य, एवं रीति काव्य)* ( MHD-01 )

*दिनांक : ०६-०८-२०१०*

*समय : ११.०० से १२.३०*        *कुल गुण : ३५*

*सूचना : (१) किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*
*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । ( ०७ )

''कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात ।
भरे भौन में करत हैं, नैननुं हीं सब बात ॥''

प्रश्न-२ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । ( ०७ )

''पाहन पूजे हरि मिलैं तो मैं पुजूँ पहाड़ ।
यातें पर चक्की भली पीस खाय संसार'' ॥
''कांकड पाथर जोड़ि कै मस्जिद लई चुनाय ।
ता चढ़ि मुल्ला बांग दे क्या बहरा हुआ खुदाय ॥''

प्रश्न-३ पृथ्वीराजरासो में वर्णित प्रसंगों का निरूपण कीजिए । ( ०७ )

प्रश्न-४ विधापति भक्त कवि है या शृंगारी कवि? तर्कसंगत उत्तर दीजिए । ( ०७ )

प्रश्न-५ ''कबीर ने अपने समय में प्रचलित धार्मिक पाखण्ड तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का सफल प्रयास किया है ''- इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए । ( ०७ )

प्रश्न-६ सूर के वात्सल्य और शृँगार वर्णन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । ( ०७ )

प्रश्न-७ मीरा की वेदनानुभूति की सोदाहरण चर्चा कीजिए । ( ०७ )

प्रश्न-८ ''बिहारी ने शृँगार के दोनों पक्ष-संयोग और वियोग का विशद और सूक्ष्म चित्रण किया है''- सिद्ध कीजिए । ( ०७ )

प्रश्न-९ संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । ( ०७ )

( अ ) 'पद्मावत' की प्रबंधात्मकता ।

( ब ) धनानंद की काव्य -भाषा ।

-------------------

www.StudyGuideIndia.com

## डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

### सत्रांत परीक्षा अगस्त- २०१०

***अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* (MHD)** ***नोंधणी नंबर :*** ____________________

***पाठ्यक्रम : आधुनिक हिन्दी काव्य*( MHD-02 )**

***दिनांक : ०२-०८-२०१०***

***समय : ११.०० से २.००*** ***कुल गुण : ७०***

***सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।***
***(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।***

---

प्रश्न-१ संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।

( अ ) भीतर- भीतर सब रस चूसै । ( ६ )
हँसि- हँसि के तन मन धन मूसै ।
जाहिर बातन में अति तेज
क्यों सखि सज्जन, नहीं अंगरेज ।

( ब ) जीवन की जटिल समस्या ( ७ )
है बढ़ी जटा- सी कैसी
या मादकता - से आये तुम
संज्ञा- से चले गये थे ।

अथवा

( अ ) समस्या एक – ( ६ )
मेरे सभ्य नगरों और ग्रामों में
सभी मानव
सुखी, सुंदर व शोषण- मुक्त
कब होंगे ।

( ब ) श्वानों को मिलते दूध-वस्त्र, भूखे बालक अकुलाते हैं ( ७ )
माँ की हड्डी से चिपक, ठिठुर जाड़ों की रात बिताते हैं ।

प्रश्न-२ भारतेन्दु की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । ( १४ )

अथवा

प्रश्न-२ ''प्रसाद की कविता में राष्ट्रीय- सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख स्वर है'' । इस विधान की सार्थकता सिद्ध कीजिए । ( १४ )

प्रश्न-३ 'सुमित्रानन्दन पंत एक प्रकृति प्रेमी छायावादी कवि हैं '- इस विधान की तर्क युक्त चर्चा कीजिए । ( १४ )

अथवा

प्रश्न-३ 'महादेवी वर्मा की कविता में वेदना की अभिव्यक्ति प्रमुख है' –समीक्षा कीजिए । ( १४ )

www.StudyGuideIndia.com

प्रश्न–४ दिनकर की कविता में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना को अपने शब्दो में व्यक्त कीजिए। (१४)

अथवा

प्रश्न–४ मुक्तिबोध का 'फैंटेसी' के कवि के रुप में मूल्यांकन कीजिए। (१४)

प्रश्न–५ किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए। (१५)

१ ) मैथिलीशरण गुप्त की नारी भावना

२ ) राम की शक्तिपूजा का काव्य संदेश

३ ) नागार्जुन की भाषा

४ ) धूमिल का काव्य विषयक दृष्टिकोण

५ ) शमशेर बहादुरसिंह की कविता में बिम्ब योजना

६ ) रघुवीर सहाय की काव्य– भाषा

---

www.StudyGuideIndia.com

डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम :* *अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD ) *नोंधणी नंबर :* ______________

*पाठ्यक्रम : उपन्यास और कहानी* ( MHD-03 )

*दिनांक : ०३-०८-२०१०*

*समय : ११.०० से २.००* *कुल गुण : ७०*

*सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१ ( अ ) ' 'गोदान' कृषक जीवन का महाकाव्य है'' - इस उक्ति की सार्थकता सिद्ध कीजिए । ( ७ )

( ब ) 'धरती धन अपना ' उपन्यास की कथावस्तु स्पष्ट करते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । ( ६ )

अथवा

( अ ) काली का चरित्र- चित्रण कीजिए । ( ७ )

( ब ) ' 'सूखा बरगद' उपन्यास में मध्यमवर्गीय नारी जीवन का चित्रण हैं'' । कथन की सार्थकता । ( ६ )

प्रश्न-२ ( अ ) ' 'मैला आंचल' एक सफल आंचलिक उपन्यास है'' – सिद्ध कीजिए । ( ७ )

( ब ) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' के आधार पर निपुणिका का चरित्र चित्रण कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) ' 'पुरस्कार' कहानी में प्रेम और कर्तव्य का संघर्ष निरुपित है ''-तार्किक समीक्षा कीजिए । ( ०७ )

( ब ) 'पाजेब' कहानी सफल बाल मनोवैज्ञानिक कहानी हैं – सिद्ध कीजिए । ( ०७ )

प्रश्न-३ ( अ ) 'धरती धन अपना' उपन्यास की कथावस्तु स्पष्ट करते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

( ब ) ' 'कुत्ते की पूँछ' कहानी में मनुष्य के द्वारा मनुष्य के शोषण की कथा कही गई है'' – इस विधान की समीक्षा कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) 'भोलाराम का जीव' एक सफल व्यंग्यात्मक सामाजिक कहानी हैं-

www.StudyGuideIndia.com

समीक्षा कीजिए। (६)

(ब) 'रोज' कहानी के आधार पर मालती का चरित्र- चित्रण कीजिए। (७)

प्रश्न-४ (अ) 'चील की दावत' कहानी का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। (७)

(ब) 'कर्मनाशा' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। (७)

अथवा

(अ) 'नयी कहानी' की विकास परंपरा में मन्नुभंडारी का स्थान निर्धारित कीजिए। (७)

(ब) 'एक दिन का महेमान' एक सफल नयी कहानी का दृष्टांत हैं – सिद्ध कीजिए। (७)

प्रश्न-५ किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए। (१५)

१. धनिया का चरित्र चित्रण।

२. 'कुत्ते की पूँछ' कहानी का व्यंग्य

३. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का उदेश्य

४. 'सिक्का बदल गया' कहानी की मूल संवेदना

५. 'तिरिछ' की भाषा - शैली।

६. 'धरती धन अपना' उपन्यास में निरुपित आंचलिकता।

---

www.StudyGuideIndia.com

## डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

### सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

***अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD )** — ***नोंधणी नंबर :*** ____________

***पाठ्यक्रम : नाटक और अन्य गद्य विधायें* ( MHD-04 )**

***दिनांक : ०४-०८-२०१०***

***समय : ११.०० से २.००*** — ***कुल गुण : ७०***

***सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।***
***(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।***

---

प्रश्न-१ संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।

( अ ) ''जात लें जात, टके सेर जात । एक टका दो, हम अभी अपनी जात बेचते हैं । टके के वास्ते ब्राह्मण से धोबी हो जाएँ और धोबी को ब्राह्मण कर दें, टके के वास्ते जैसा कहो वैसी व्यवस्था दें ।'' ( ६ )

( ब ) ''तुम्हारे युवराज अपने अधिकारों से उदासीन हैं । वे पूछते है,'अधिकार किस लिए?'' ( ७ )

अथवा

( अ ) '' 'समष्टि में भी व्यष्टि रहती है । व्यक्तियों से ही जाती बनती है । विश्व- प्रेम, सर्वभूत- हित- कामना परम धर्म है, परंतु इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि अपने पर प्रेम न हो ।'' ( ६ )

( ब ) 'संस्कृति थी यह एक बूढ़े और अंधे की ( ७ )
जिसकी संतानों ने
महायुद्ध घोषित किए,
जिसके अंधेपन में मर्यादा
गलित अंग वेश्या-सी'

प्रश्न-२ ( अ ) एक सफल प्रहसन के रुप में 'अंधेर नगरी' का मूल्यांकन कीजिए ( ७ )

( ब ) 'स्कंदगुप्त' में इतिहास और कल्पना का सुभग समन्वय हुआ है – सिद्ध कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) 'आधे-अधूरे' के आधार पर सावित्री का चरित्र- चित्रण कीजिए । ( ७ )

( ब ) 'अंधायुग' में निरुपित विविध समस्याओं पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

www.StudyGuideIndia.com

प्रश्न–३ ( अ ) ‘ताँबे के कीड़े’ भौतिकवादी जड़ता एवं अर्थलोलूपता का प्रतीक हैं – समीक्षा कीजिए ।

( ब ) ‘लोभ और प्रीति’ निबन्ध में निरुपित शुक्लजी के विचारों पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

( अ ) ललित निबन्ध के रुप में ‘कुटज’ का मूल्यांकन कीजिए । ( ७ )

( ब ) ‘तीसरे दर्जे के श्रद्धेय’ में लेखक ने बुद्धिजीवियों पर व्यंग्य किया हैं – क्या आप इस बात से सहमत हैं? क्यों? ( ७ )

प्रश्न–४ ( अ ) सफल रेखाचित्र के रुप में ‘ठकुरीबाबा’ का मूल्यांकन कीजिए । ( ७ )

( ब ) ‘वसंत का अग्रदूत’ के आधार पर निराला की विशेषताएँ बताइए । ( ७ )

अथवा

( अ ) ‘कलम का सिपाही’ के आधार पर प्रेमचंद की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । ( ७ )

( ब ) आत्मकथा के रुप में ‘क्या भूलुँ क्या याद करुँ’ की समीक्षा कीजिए । ( ७ )

प्रश्न–५ किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । ( १५ )

१. ‘अंधेर नगरी’ में व्यंग्य ।

२. ‘स्कंदगुप्त’ की भाषा- शैली ।

३. ‘आधे -अधूरे’ की संवाद-योजना ।

४. ‘अंधायुग’ का अश्वत्थामा ।

५. रिपोर्ताज विद्या में रांगेय राघव का स्थान ।

६. ‘किन्नर देश की ओर’ की भाषा-शैली ।

---------------------------

www.StudyGuideIndia.com

# डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

## सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम :* *अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD ) *नोंधणी नंबर :* ____________

*पाठ्यक्रम :* *साहित्य सिद्धांत और समालोचना* ( MHD-05 )

*दिनांक : ०७-०८-२०१०*

*समय : ११.०० से २.००* *कुल गुण : ७०*

*सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१ ( अ ) काव्य की परिभाषा देकर काव्य हेतु पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

( ब ) शब्द-शक्ति की परिभाषा देते हुए व्यंजना शब्द शक्ति पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) रस की परिभाषा देते हुए रस-निष्पत्ति की प्रक्रिया समझाइए । ( ७ )

( ब ) ध्वनि काव्य के स्वरुप की चर्चा कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-२ ( अ ) वक्रोक्ति का अर्थ देते हुए वक्रोक्ति के प्रकारों पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

( ब ) औचित्य का तात्पर्य समझाते हुए औचित्य के स्वरुप की चर्चा कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) रीति की परिभाषा समझाते हुए रीति के प्रकारों की सदृष्टांत चर्चा कीजिए । ( ७ )

( ब ) अलंकार के स्वरुप पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

प्रश्न-३ ( अ ) काव्य पर प्लेटो के द्वारा किए गये आक्षेपों की सविस्तार चर्चा कीजिए । ( ७ )

( ब ) त्रासदी की परिभाषा देकर त्रासदी के तत्त्वों की चर्चा कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) पाश्चात्य काव्यशास्त्र में लोन्जाइनस का स्थान निर्धारित कीजिए । ( ७ )

( ब ) नई समीक्षा की प्रमुख प्रवृत्तियाँ बताइए । ( ७ )

प्रश्न-४ ( अ ) कालरिज के कल्पना सिद्धांत की चर्चा कीजिए । ( ७ )

( ब ) मेथ्युआर्नोल्ड का काव्य सिद्धांत समझाइए । ( ७ )

अथवा

( अ ) ड्राइडन के नाट्य काव्य के स्वरुप पर प्रकाश डालिए ( ७ )

( ब ) अभिव्यंजनावादी समीक्षा पद्धति का संक्षेप में परिचय दीजिए । ( ७ )

प्रश्न-५ किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए । ( १४ )

( १ ) काव्य प्रयोजन ।

( २ ) स्वच्छंदतावाद ।

( ३ ) मार्क्सवादी समीक्षा पद्धति ।

( ४ ) क्रोचे का अभिव्यजनावाद ।

----------------------------

www.StudyGuideIndia.com

## डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

### सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम :* *अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( **MHD** ) *नोंधणी नंबर :* ________

*पाठ्यक्रम :* *हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास* ( **MHD-06** )

*दिनांक :* *०५-०८-२०१०*

*समय :* *११.०० से २.००* *कुल गुण : ७०*

*सूचना :* *(१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१ ( अ ) आदिकालीन हिन्दी और अपभ्रंश के बीच अंतर को स्पष्ट कीजिए । ( ६ )

( ब ) वीरगाथाकाल की प्रमुख स्थानिक परम्पराओं की चर्चा कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) सिद्ध साहित्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । ( ६ )

( ब ) कृष्ण भक्ति काव्य की प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-२ ( अ ) निर्गुण संत साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

( ब ) 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है' -इस कथन की समीक्षा कीजिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) भक्तिकालीन रामकाव्य परम्परा की चर्चा कीजिए । ( ७ )

( ब ) प्रारंभिक आधुनिक काल में व्यक्त राष्ट्रभक्ति बनाम राजभक्ति की चर्चा कीजिए। ( ७ )

प्रश्न-३ ( अ ) प्रगतिवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

( ब ) द्विवेदी युगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) नई कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए । ( ७ )

( ब ) हिन्दी निबन्ध की विकास यात्रा को रेखांकित कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-४ ( अ ) भारतीय आर्यभाषा परिवार का परिचय दीजिए । ( ७ )

( ब ) हिन्दी की बोलियो पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

अथवा

( अ ) हिन्दी कथा साहित्य में दलित चेतना का विवेचन कीजिए । ( ७ )

( ब ) देवनागरी के विकासक्रम का वर्णन कीजिए । ( ७ )

www.StudyGuideIndia.com

प्रश्न–५ किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए। ( १५ )

( १ ) प्रयोगवाद

( २ ) नाथ साहित्य

( ३ ) देवनागरी की वैज्ञानिकता

( ४ ) विद्यापति

( ५ ) हिन्दवी या हिन्दुई

( ६ ) संविधान में हिन्दी

www.StudyGuideIndia.com

# डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

## सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD )　　*नोंधणी नंबर :* ____________

*पाठ्यक्रम : भाषाविज्ञान और हिन्दी भाषा* ( MHD-07 )

*दिनांक : ०६-०८-२०१०*

*समय : १२.३० से २.००*　　*कुल गुण : ३५*

*सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*
*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१　सम्प्रेषण का अर्थ समझाते हुए उसके स्वरुप की चर्चा कीजिए।　( १० )

अथवा

प्रश्न-१　वाक्य की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों पर प्रकाश डालिए ।　( १० )

प्रश्न-२　तुलनात्मक भाषा - विज्ञान का परिचय दीजिए ।　( १० )

अथवा

प्रश्न-२　ध्वनि परिवर्तन की दिशाएँ बताइए ।　( १० )

प्रश्न-३　किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए ।　( १५ )

( अ ) भाषा- शिक्षण ।
( ब ) अनुवाद प्रक्रिया ।
( क ) राष्ट्रभाषा ।
( ड ) पर्यायता
( च ) भाषा और बोली का अंतर

------------------------------

www.StudyGuideIndia.com

## डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

### सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि पाठचक्रम* ( MHD )  *नोंधणी नंबर :* ________________

*पाठचक्रम : उपन्यास : स्वरुप और विकास* ( MHD-13 )

*दिनांक : ०८-०८-२०१०*

*समय : ११.०० से १२.३०*  *कुल गुण : ३५*

*सूचना : (१) किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं।*

---

प्रश्न-१ उपन्यास के संदर्भ में यथार्थवाद के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-२ उपन्यास में नायक की संकल्पना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-३ चरित्र-चित्रण की विभिन्न पद्धतियों का परिचय दीजिए । ( ७ )

प्रश्न-४ कथावस्तु के आधार पर उपन्यास के विभिन्न प्रकारों का विवेचन कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-५ बीसवीं सदी के उपन्यास लेखन की विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-६ भारतीय उपन्यासों में आंचलिकता की अभिव्यक्ति का महत्त्व स्थापित कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-७ हिन्दी के मनोवैज्ञानिक उपन्यासों की शक्ति और सीमा की विवेचना कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-८ हिन्दी उपन्यास की आलोचना में दलित-विमर्श और नारी – विमर्श की स्थिति पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

प्रश्न-९ किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए । ( ७ )

( १ ) बंकिमचंद्र

( २ ) गोरा

( ३ ) हरिभाऊ आप्टे

( ४ ) आधुनिक उपन्यासों में स्त्री विमर्श

( ५ ) भारतीय उपन्यास की अवधारणा

( ६ ) प्रेमचंद

------------------

www.StudyGuideIndia.com

डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD )   *नोंधणी नंबर :* ____________

*पाठयक्रम : हिन्दी उपन्यास-१ : (प्रेमचंद का विशेष अध्ययन)* ( MHD-14 )

*दिनांक : ०८-०८-२०१०*

*समय : १२.३० से २.००*   *कुल गुण : ३५*

*सूचना : (१) किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । ( ७ )

''होमर अंधा था, सूर भी अंधा था, मिल्टन भी अंधा था, परन्तु सभी साहित्य- गगन के उज्जवल नक्षत्र है, तुलसी, वाल्मीकि आदि महाकवि संसार से अलग कुटियों में बसनेवाले प्राणी थे, पर कौन कह सकता है कि उनकी एकान्तसेवा से उनकी कवित्व - कला दूषित हो गई । नहीं कह सकता कि भविष्य में मेरे विचार क्या होंगे, पर इस समय दृव्योपासना से बेजार हो रहा हूँ ''।

प्रश्न-२ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । ( ७ )

''ईश्वर वह दिन कब लायेगा कि हमारी जाति में स्त्रियों का आदर होगा । स्त्री मैले-कुचैले फटे-पुराने वस्त्र पहनकर आभूषणविहीन होकर, आधे पेट सूखी रोटी खाकर, झोंपडे में रहकर, मेहनत - मजदूरी कर सब कष्टों को सहते हुए आनन्द से जीवन व्यतीत कर सकती है, केवल घर में उसका आदर होना चाहिए, उसमे प्रेम होना चाहिए । आदर या प्रेमविहीन महिला महलों में भी सुख से नहीं रह सकती ।''

प्रश्न-३ ''प्रेमचन्द अपने नारी –विषयक चिन्तन में अर्न्तविरोध के शिकार हैं'' - इस कथन को समझाइए । ( ७ )

प्रश्न-४ 'सेवासदन' में निरुपित समस्याओं पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

प्रश्न-५ 'प्रेमाश्रम' उपन्यास के आधार पर ज्ञानशंकर की चारित्रिक विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-६ उपन्यास के तत्त्वों के आधार पर 'रंगभूमि' की समीक्षा कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-७ '' 'ग़बन' में तत्कालीन मध्यवर्गीय समाज की दयनीय स्थिति का चित्रण किया गया है'' - इस कथन को परखिए । ( ७ )

प्रश्न-८ किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए । ( ७ )

( १ ) 'सेवासदन' शीर्षक की यथार्थता ।

( २ ) 'रंगभूमि' का उद्देश्य ।

( ३ ) 'ग़बन' की भाषा

( ४ ) 'प्रेमाश्रम' में आदर्शवाद ।

-----------------------

www.StudyGuideIndia.com

# डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

## सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम : अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD ) *नोंधणी नंबर :* ____________

*पाठ्यक्रम : हिन्दी उपन्यास-२* ( MHD-15)

*दिनांक : ०९-०८-२०१०*

*समय : ११.०० से २.००* *कुल गुण : ३५*

*सूचना : (१) किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

प्रश्न-१ कथाशिल्प की दृष्टि से 'ज़िन्दगीनामा' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-२ परिवेश - चित्रण की दृष्टि से 'ज़िन्दगीनामा' का मूल्यांकन कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-३ 'राग दरबारी' में प्रयुक्त व्यंग्य शैली की विशेषताएँ बताइए । ( ७ )

प्रश्न-४ 'राग दरबारी' में गृहीत विषय और उसकी अंतर्वस्तु के अंतर को स्पष्ट कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-५ औपन्यासिक महाकाव्य के रूप में 'झूठासच' का मूल्यांकन कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-६ पंजाबियों के विस्थापन और संघर्ष में मानवीय जिजीविषा के तत्त्वों को रेखांकित कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-७ माणिक मूल्ला के माध्यम से भारती ने निम्न मध्यवर्ग की प्रकृति के किन पहलुओं का उद्घाटन किया हैं? विवेचन कीजिए । ( ७ )

प्रश्न-८ " 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' अपने औपन्यासिक शिल्प के कारण पाठकों - आलोचकों क्हे आकर्षण का क्हेन्द्र बना हैं "- इस क्हथन क्हे औचित्य-अनौचित्य पर प्रकाश डालिए । ( ७ )

प्रश्न-९ किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । ( ७ )

( १ )'राग दरबारी' का रंगनाथ ।

( २ )'सूरज का सातवाँ घोड़ा' की भाषा

( ३ )'झूठासच' में राजनैतिक मूल्यहीनता ।

( ४ )'ज़िन्दगीनामा' का शाहजी ।

---------------

www.StudyGuideIndia.com

## डॉ.बाबासाहेब आंबेड़कर ओपन युनिवर्सिटी

### सत्रांत परीक्षा अगस्त-२०१०

*अभ्यासक्रम :* *अनुस्नातक उपाधि अभ्यासक्रम* ( MHD )    *नोंधणी नंबर :* ____________________

*पाठ्यक्रम :* *भारतीय उपन्यास* ( MHD-16 )

*दिनांक :* *०९-०८-२०१०*

*समय :* *११.०० से २.००*    *कुल गुण : ३५*

*सूचना : (१) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*
*(२) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए हैं ।*

---

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-१ | मलयालम उपन्यास परंपरा में 'चेम्मीन' का स्थान निर्धारित कीजिए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-२ | 'संस्कार' उपन्यास के आधार पर नारणप्पा की चारित्रिक विशेषताएँ दर्शाइए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-३ | 'मानवी नी भवाई ' एक सफल औपन्यासिक सामाजिक रचना है - तर्क युक्त समीक्षा कीजिए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-४ | काकु निर्भयता एवं सच्चाई से भरा हुआ नवयुवक हैं - इस कथन के संदर्भ में काकु के चरित्र पर प्रकाश डालिए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-५ | 'जंगल के दावेदार' उपन्यास में मुण्डा समाज का प्रतिबिंब हैं - इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-६ | 'जंगल के दावेदार' उपन्यास के कथानक के गुण - दोषों पर प्रकाश डालिए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-७ | 'चेम्मीन' के आधार पर कथा नायक परिक्कुट्टी का चरित्रोद्घाटन कीजिए । | ( ७ ) |
| प्रश्न-८ | सक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।<br>( १ )'संस्कार' उपन्यास का उद्देश्य<br>( २ )'जंगल के दावेदार' का भाषा सौष्ठव । | ( ७ ) |

---------------

www.StudyGuideIndia.com